महत्वपूर्ण एवं खास

दो माह से फरार मारपीट का आरोपी कांग्रेसी नेता का पुत्र गिरफ्तार

जशपुर (आरएनएस)। अक्टूबर माह में आदिवासी युवक के साथ मारपीट करने के आरोप में फ़रार चल रहे कांग्रेसी नेता पूरन वर्मा व उनके बेटे अमित वर्मा को फ़रसाबहार पूलिस ने गिरफ्तार कर लिया है ।आपको बता दें कि जशपुर जिले के फ़रसाबहार थान्तर्गत खुटगाव निवासी पूरन वर्मा व उनके बेटे अमित वर्मा के द्वारा एक आदिवासी युवक को रास्ता रोककर मारपीट की थी ।फ़रसाबहार थाना पूलिस ने आदिवासी युवक की शिकायत पर दोनो पिता पुत्र के विरुद्ध आदिवासी अत्याचार अधिनियम के तहत मामला पंजीबद्ध कर लिया था।मामला दर्ज होने के बाद कांग्रेसी नेता पिता पुत्र फ़रार थे।पत्थलगाँव एसडीओपी योगेश देवांगन मामले की जांच कर रहे थे।

मनगटा के बाद अब बालोद के कुसमी में देखा गया बाघ,वन विभाग अलर्ट

बालोद (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के बालोद-राजनांदगांव सीमा से लगे कुसमी में बाघ के पद चिन्हों की पुष्टि हुई है. दुर्ग के मुख्य वन अधिकारी ने बालोद जिला के लिए भी अलर्ट जारी कर दिया है. बता दें कि दो दिन पहले जिला मुख्यालय राजनांदगांव से 24 किमी दूर स्थित मनगटा वन चेतना केंद्र में बाघ के पैरों के निशान देखा गया था। इसकी सूचना चौकीदार व एक बाहरी व्यक्ति के द्वारा वन विभाग के अफ़सरों को दी गई. दुर्ग और राजनांदगांव के अफ़सरों की टीम बाघ की पतासाजी में जुटी रही लेकिन पूरे क्षेत्र में उसका कुछ पता नहीं चल पाया. जगह-जगह उसके पद चिन्ह ट्रेस किए गए।

एटक के अध्यक्ष बने शमीम

कोरबा (आरएनएस)। एटक श्रम संगठन सिंघाली इकाई को पुनर्गठन किया गया। इस अवसर पर कोरबा क्षेत्र के अध्यक्ष कामरेड धरमा राव, कार्यवाहक अध्यक्ष सुभाष सिंह, उपाध्यक्ष कमर बख्श, नरेंद्र दास सहित राजेश पांडे, भगवत सिंह, रेवत मिश्रा, सुबोध सागर, एसके प्रसाद की मौजूदगी में एटक कोरबा प्रमुख दीपेश मिश्रा ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि देश भर के दस श्रम संगठनों ने केंद्र सरकार के जनविरोधी और मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ 8 जनवरी को राष्ट्रव्यापी एक दिवसीय आम हड़ताल का ऐलान किया है। उन्होंने आगे बताया कि आजादी के बाद यह पहला अवसर है कि देश भर के 35 करोड़ मेहनतकश मजदूर सरकार के जन विरोधी आर्थिक नीतियों का खिलाफत करने के लिए सीधे सड़कों पर उतरेंगे।

पैदल जा रहे युवक का मोबाइल लेकर भागे मोटरसाइकिल सवार, मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। मोबाइल पर पैदल बात करते जा रहे युवक को मोटरसाइकिल सवार युवकों ने धक्का देकर मोबाइल लूटकर भाग गये। मिली जानकारी के अनुसार बनसांकरा इंद्राआवास पारा सिमगा निवासी अशोक कुमार ध्रुव 30 वर्ष पिता पंचराम ध्रुव ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि ट्रांसपोर्ट नगर रावांभाठा के पास प्रार्थी मोबाइल से बात करते हुए पैदल जा रहा था तभी पीछे से आ रहे मोटरसाइकिल सवार तीन युवक प्रार्थी को धक्का मारकर गिरा दिये व मोबाइल रेडमी कंपनी का कीमत 6 हजार 5 सौ रुपये को लेकर फरार हो गये। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात मोटरसाइकिल युवकों के खिलाफ अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

बाल विवाह एवम श्रम के बारे में ग्रामीणों को दी जानकारी

कोरबा(आरएनएस)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के आदेशानुसार बाल विवाह एवं बाल श्रम के बारे में जानकारी लोगों को निशुल्क जानकारी दिया गया। पाम्पलेट को जनपद पंचायत कटघोराए तहसील चौकए बस स्टैंड में दुकानदारो को नारायण कैवर्त एवं आरती मगेशकरए कविता महंत के द्वारा जानकारी दी गई।

लोक निर्माण मंत्री ने नवा रायपुर में मुख्यमंत्री और मंत्रियों के आवास निर्माण की प्रगति का जायजा लिया

» गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य में गति लाने के निर्देश

रायपुर। लोक निर्माण मंत्री ताम्रध्वज साहू ने आज विभागीय अधिकारियों के साथ नवा रायपुर के सेक्टर-24 में निर्माणाधीन मुख्यमंत्री निवास, विधानसभा अध्यक्ष निवास और मंत्रियों के आवास निर्माण की प्रगति का जायजा लिया।

इन भवनों का प्लिंथ के नीचे का भाग प्रगति पर है। साहू ने गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्यों में गति लाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर मुख्य अभियंता एस.के. शर्मा, अधीक्षण अभियंता पी.एम. कश्यप सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने लगभग दो महीने पहले 25 अक्टूबर को नवा रायपुर अटल नगर के सेक्टर-24 में 591 करोड़ 75 लाख रूपए की लागत के राजभवन, मुख्यमंत्री निवास, विधानसभा अध्यक्ष निवास, मंत्रीगणों के आवास गृह एवं वरिष्ठ अधिकारियों के आवासीय परिसर का भूमिपूजन किया था।

राजभवन कुल 12.60 एकड़ में विकसित होगा। यहां दरबार हॉल और सचिवालय भवन सहित विभिन्न भवन होंगे। मुख्यमंत्री आवास एवं कार्यालय 7.50 एकड़ में होगा।

विधानसभा अध्यक्ष आवास एवं कार्यालय के लिए 5.11 एकड़ भूमि आवंटित की गई है। इसी प्रकार मंत्रीगण व नेता प्रतिपक्ष आवास एवं कार्यालय 2.00 एकड़ में होगा। ऐसे 15 आवास बनाए जाएंगे। वरिष्ठ अधिकारियों हेतु 85 आवास बनाए जाएंगे।

प्रत्येक आवास 0.37 एकड़ में निर्मित होगा। इन कार्यों के लिए सेक्टर-24 में 158 एकड़ तथा सेक्टर-18 में 96 एकड़ कुल 254 एकड़ भूमि आबंटित की गई है, निर्माण कार्य के लिए 24 माह की समयावधि तय की गई है।

ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति पोर्टल में आवेदन एवं स्वीकृति के संबंध में 3 जनवरी को बैठक आयोजित

» स्वीकृति के संबंध में 3 जनवरी को बैठक आयोजित

राजनांदगांव (आरएनएस)। जिले में संचालित उच्च शैक्षणिक संस्थाओं के अनुसूचित जाति, जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति पोर्टल में आवेदन एवं स्वीकृति की कार्रवाई के संबंध में संस्था प्रमुखों, छात्रवृत्ति प्रभारियों और नोडल अधिकारियों की बैठक 3 जनवरी को राजनांदगांव में आयोजित की गई है। यह बैठक शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय कॉफ्रेन्स हॉल में दोपहर 12 बजे शुरू होगी। बैठक में जिले के सभी शासकीय, अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग कॉलेजों, मेडिकल कॉलेज, आईटीआई तथा पॉलीटेक्निक के संस्था प्रमुखों, छात्रवृत्ति प्रभारियों और नोडल अधिकारियों को छात्रवृत्ति आवेदन एवं स्वीकृति की वर्तमान स्थिति अपने साथ उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

राजस्व कामकाज की प्रक्रिया सरल होने से लोगों को मिली राहत

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशन पर राज्यशासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा लोगों के जमीन जायदाद और अन्य राजस्व संबंधी कामकाज आसानी से हो इसके लिए विभाग ने प्रक्रिया को सरल किया है। राज्य शासन ने नामांत्रण, बंटवारा, नजूल भूमि, डायर्वसन, बटांकन, छोटे भू-खण्डों की रजिस्ट्री सहित अनेक राजस्व प्रकरणों के निराकरण की जटिलताओं को सरलीकृत किया गया है, जिससे लोगों को काफी सहूलियत हुई है। छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मार्गदर्शन में राजस्व विभाग के कामकाज को सरल बनाने आवश्यतानुसार नई राजस्व प्रशासनिक इकाईयों का गठन किया जा रहा है। इनमें नई उप तहसील, तहसीलों और अनुभाग बनाए जा रहे है। राज्य में बिलासपुर जिले से अलग कर एक नये जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही बनाया जा रहा है, जिसमें छत्तीसगढ़ 28 जिलों का राज्य बन जाएगा। राज्य में लोग अपने बच्चों की शिक्षा के लिए जाति प्रमाण पत्र प्राप्त करने की जटिल प्रक्रिया से परेशान थे। मुख्यमंत्री ने लोगों की परेशानी को समझा और इसका स्थायी हल निकाला है। अब जिन माता-पिता के पास जाति प्रमाण पत्र है, उनके बच्चों को जन्म लेते ही जाति प्रमाण पत्र प्रदाय करने का काम शुरू हो गया है।

ट्रक की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार युवक की मौत

» मोटरसाइकिल के पीछे बैठे दो लोग घायल

रायपुर (आरएनएस)। तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं पीछे बैठे दो लोग घायल हो गये। घटना की रिपोर्ट टिकरापारा थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार वार्ड 13 गुरुद्वारा के पीछे अभनपुर निवासी तेजेंदर सिंग 51 वर्ष पिता स्व. हरचंद सिंग माघट ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि सोमवार को गुरुद्वारा के सामने देवपुरी में अज्ञात ट्रक चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए मोटरसाइकिल से आ रहे प्रार्थी का लड़का प्रितपाल सिंग माघट 26 वर्ष को अपनी चपेट में ले लिया जिससे घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

चिल्फी पुलिस को मिली बड़ी सफलता

» अंतर्राज्जीय मवेशी तस्करो को पकड़ने में मिली बड़ी कामयाबी

» 2 ट्रक में 48 नग मवेशी, 05 आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

कवर्धा (आरएनएस)। कबीरधाम जिले के थाना चिल्फी पुलिस ने छत्तीसगढ़ से मध्यप्रदेश की ओर जाने वाले नेशनल हाईवे मार्ग 30 में, 01 दस चक्का ट्रक में 18 नग मवेशी और 01 कंटेनर में 30 नग मवेशी कुल 48 नग मवेशियों को जो मध्यप्रदेश की ओर अवैद्य रूप से ले जाया जा रहा था। जिसे चिल्फी पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया। चिल्फी पुलिस द्वारा आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ पशु क्रुरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उनके सहयोगियो को भी रिमांड पर भेजा गया। पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेंद सिंह द्वारा समय-समय पर मुखबीर व सूचनातंत्र को मजबूत करने हेतू जिले के सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया जाता रहा है। इसी तारतम्य में दिनांक 31.12.2019 को थाना प्रभारी चिल्फी निरीक्षक रमाकांत तिवारी को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि उक्त वाहनो में अवैद्य रूप से धन प्राप्त करने के उदेष्य से मवेशियों को छत्तीसगढ़ के विभीन्न इलाको से एकत्र कर जबलपुर मार्ग नेशनल हाईवे 30 से मध्यप्रदेश की ओर तस्करी किया जा रहा था।

धान की गुणवत्ता और बारदानों के भौतिक सत्यापन के खाद्य सचिव ने दिए निर्देश

राजनांदगांव(आरएनएस)। खाद्य विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह ने आज जिले के डोंगरगांव विकासखंड के धान उपार्जन केन्द्र अर्जुनी और छुरिया विकासखंड के धान उपार्जन केन्द्र कल्लूबंजारी का आकस्मिक निरीक्षण कर धान खरीदी व्यवस्था का जायजा लिया। डॉ. सिंह ने महाराष्ट्र सीमा से लगे चेक पोस्ट बेरियर कल्लूबंजारी का भी निरीक्षण किया। उन्होंने धान उपर्जान केन्द्रों में बारदानों के भौतिक सत्यापन तथा खरीदे जा रहे धान की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। खाद्य सचिव लगभग चार घंटे तक दोनों धान उपार्जन केन्द्रों में रहकर धान खरीदी व्यवस्था की बारीकी से जांच की। उन्होंने धान उपार्जन केन्द्रों में किसानों से चर्चा की। किसानों द्वारा बताई गई समस्याओं का

उचित समाधान करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर जयप्रकाश मौर्य, पुलिस अधीक्षक बीएस ध्रुव, डोंगरगांव एसडीएम वीरेन्द्र सिंह, जिला खाद्य अधिकारी किशोर कुमार सोमावार, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के सीईओ सुनील वर्मा, उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं जॉन खलखो, जिला विपणन अधिकारी सौरभ भारद्वाज, सहायक खाद्य अधिकारी पाढ़ी सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

खाद्य सचिव डॉ. सिंह सबसे पहले डोंगरगांव विकासखंड के धान उपार्जन केन्द्र अर्जुनी पहुंचे। वहां दो घंटे रहे। उन्होंने बारदानों में भरे धान और ढेरी के धान की गुणवत्ता की परख की। कुछ ढेरियों के धान सही क्वालिटी की नहीं दिखने पर उसे साफ कराकर खरीदने के निर्देश धान संग्रहण केन्द्र के प्रभारी अधिकारी को दिए। उन्होंने उपार्जन केन्द्र में संधारित विभिन्न पंजियों का अवलोकन भी किया। नये और पुराने बारदानों की उपलब्धता के साथ किसानों को भुगतान की स्थिति की जानकारी ली। किसानों को जारी किए गए टोकन पंजी का अवलोकन करने के बाद तराजू बांट की भी जांच की। नमी मापक यंत्र से धान की नमी भी अपने सामने जचवाई। निरीक्षण के दौरान धान की स्टेकिंग उचित तरीके से कराकर भरे बारदानों को स्वयं गिनती की। धान को नमी से बचाने के लिए की गई।

उत्तरी हवा ला रही ठंड और कोहरे का कहर, अब बारिश की संभावना

रायपुर। उत्तर भारत से आ रही सर्द हवा और मौसम साफ होते ही रायपुर में ठंड का दौर जारी है। सोमवार को रायपुर का न्यूनतम तापमान 11.4 डिग्री सेल्सियस पर आया है, जो कि सामान्य से एक डिग्री सेल्सियस नीचे चला गया। दोपहर में धूप निकलने से ठंड में थोड़ी राहत जरूर मिली, लेकिन सर्द हवा की वजह से रात में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। खासकर शहर के आउटर इलाके में लोग ठंड से कांप रहे हैं। 30 दिसंबर को रायपुर का अधिकतम तापमान 25.6 डिग्री और न्यूनतम तापमान 11.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। एक दिन पहले 29 दिसंबर को रायपुर में अधिकतम तापमान 24.6 डिग्री सेल्सियस था, जो कि सामान्य से तीन डिग्री से. नीचे और न्यूनतम तापमान 10.8 डिग्री से. रिकार्ड हुआ था, जो कि सामान्य से दो डिग्री से. नीचे चला गया था। मौसम विभाग के मुताबिक अगले एक और दो जनवरी को हल्की या मध्यम बारिश के आसार हैं। मौसम विभाग के मुताबिक पश्चिम विक्षोभ देश के उत्तरी हिस्से में प्रवेश करता है। इसके कारण मुख्य रूप से जम्मू-कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और पूर्वी उत्तर प्रदेश में बारिश होती है। गुजरने के पहले बादल छाना, न्यूनतम तापमान में बढ़ोत्तरी और बारिश होती है। इसके गुजरते ही फिर न्यूनतम तापमान में गिरावट होगी। यदि अरब सागर से नमी की आपूर्ति होती है तो महाराष्ट्र से उड़ीसा तक न्यूनतम तापमानों में बढ़ोत्तरी और वर्षा होती है।

कुल्हरिया में मंडरा रहा हाथियों का झुंड

कोरबा (आरएनएस)। कटघोरा वनमंडल के केंदई रेंज के कुल्हरिया गांव के आसपास 43 हाथियों का झूण्ड लगातार मंडरा रहा है। वन विभाग द्वारा हाथियों को खदेड़े जाने की कार्रवाई की जा रही है किंतु इसमें सफलता नहीं मिल पा रही है। वन विभाग द्वारा खदेड़े जाने पर हाथियों का दल कुछ दूर आगे बढ़ता है। फिर वापस कुल्हरिया गांव लौट जाता है। जिससे वन विभाग के साथ.साथ ग्रामीणों की चिंता बढ़ गई है। यहां मादा हाथी के दल-दल में फंसने के बाद मौत हो गई थी। इस मामले में वन विभाग के अधिकारियों की लापरवाही सामने आने पर कटघोरा के प्रभारी डीएफओ डीडी संत को निलंबित कर दिया गया है। साथ ही बिलासपुर के मुख्य वन सरंक्षक ;वन्य प्राणीद्ध को भी कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। इस बीच पीएम रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि मादा हाथी के पैर में 15 सेमी फैक्चर और सूजन था। सूजन के कारण हाथी खड़ा नहीं हो पा रहा था। फलस्वरूप अधिक समय तक दल.दल में फंसे रहने की वजह से उसकी मौत हो गई।

मंदिर दर्शन करने गए डिप्टी कलेक्टर से चार युवकों ने की मारपीट, गिरफ्तार

मुंगेली (आरएनएस)। भनवारटंक स्थित मरहीमाता मंदिर दर्शन करने गए बिलासपुर डिप्टी कलेक्टर के साथ चार युवकों ने मारपीट का मामला सामने आया है. ये आदतन बदमाश जबरदस्ती रुपये की मांग कर रहे थे. इसके बाद डिप्टी कलेक्टर ए आर टंडन से युवक मारपीट करने लगे. पुलिस ने चारों युवकों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर किया गया. जिसके बाद आरोपियो को गिरफ्तार किया गया है. आरोपियों के नाम रामकुमार गिलहरे, अमित गिलहरे, दीपक गिलहरे, गोलू गिलहरे हैं।

मंदिर से कुछ दूर प्रसाद के रूप में बकरा की सब्जी बना रहे थे दोपहर करीब 3:30 बजे उनके पास चार युवक पहुंचे और पैसे की मांग करने लगे. डिप्टी कलेक्टर ने पैसा मांगने का कारण पूछा तो चारों गालियां देने लगे और धमकाया भी. इसके बाद पैसा देने से मना करने पर युवकों ने पिटाई शुरू कर दी. वहां मौजूद दर्शनार्थियों ने बीच बचाव किया, तब चारों वहां से भाग निकले. मारपीट करने वाले आरोपी हमेशा मंदिर आकर दर्शनार्थियों से मारपीट गुंडागर्दी करते हैं बेलगहना चौकी पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध किया गया. जिसके बाद चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है. मारपीट करने वाले आरोपियों के नाम रामकुमार गिलहरे, अमित गिलहरे, दीपक गिलहरे, गोलू गिलहरे हैं।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनतमपूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुश सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी शुक्ला एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता फैला करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं तकनीकी तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को प्रत्येक कार्यालयों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पधिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

विद्युत कंपनी में तबादला व पदोन्नति का सिलसिला शुरू

कोरबा (आरएनएस)। आचार संहिता शिथिल होते ही विद्युत कंपनी में तबादला व पदोन्नति का सिलसिला शुरू हो गया। तीनों संयंत्र में पदस्थ कार्यपालक निदेशक को रायपुर स्थानांतरित करते हुए मुख्य अभियंता को पदस्थ किया गया है।

पीके जैन को डीएसपीएम टीपीपीए एसके मेहता को एचटीपीपी तथा वास को मड़वा प्लांट का मुख्य अभियंता बनाया गया है। मुख्य अभियंता एसके बंजारा को पूर्व संयंत्र का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

विद्युत कंपनी में प्रबंध निदेशक का पदभार संभालने के बाद राजेश वर्मा ने कार्य में कसावट लाने के उद्देश्य से फेरबदल के साथ ही जिम्मेदारी तय करने के संकेत दिया था। प्लांट में पदस्थ कार्यपालक निदेशक को रायपुर में पदस्थ कर मुख्य अभियंताओं को प्लांट की जिम्मेदारी सौंपने की हुई। जानकारों का कहना है कि मुख्यालय स्तर सूची तैयार कर ली गई थी, पर निकाय चुनाव की आचार संहिता लागू होने से आदेश जारी नहीं किया जा रहा था। जैसे ही आचार संहिता शिथिल हुई, वैसे ही तबादला व पदोन्नति सूची जारी कर दी गई।

एमडी ने विभिन्न पद पर लंबे समय से रायपुर में जमे अफ़सरों को भी प्लांट में तबादला करते हुए जिम्मेदारी सौंपी है। इसके साथ ही तीनों प्लांट में पदस्थ कार्यपालक निदेशक को रायपुर बुला लिया है। इसमें अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह मड़वा के कार्यपालक निदेशक एमएस कंवर को फ्यूल मैनेजमेंट रायपुर, डीएसपीएम के कार्यपालक निदेशक सीएल नेताम को एसएंडपी रायपुर, कार्यपालक निदेशक एसएंडपी आरएस ठाकुर को सीएंडआर, रायपुर,एचटीपीपी के कार्यपालक निदेशक पीपी मोडक को कार्यपालक निदेशक नवीनीकरण रायपुर में पदस्थ किया गया है।

नगर पालिका परिषद् और नगर पंचायतों उपाध्यक्ष चुनाव की तिथि तय

» छह, सात और आठ जनवरी को होगा शपथ ग्रहण एवं निर्वाचन

कोरबा (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में कोरबा जिले की दो नगर पालिका परिषदों और दो नगर पंचायतों के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्षों के चुनाव की तिथि घोषित कर दी गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मती किरण कौशल ने इन चारों नगरीय निकायों में नव निर्वाचित पार्षदों को शपथ दिलाने और अध्यक्ष-उपाध्यक्षों के चुनाव के लिये पीठासीन अधिकारियों की भी नियुक्ति की है।